**खबर संक्षेप**

### वार्ड 47 के पार्षद लोकेश डेहरिया के निधन जताया शोक

छिंदवाड़ा। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं वार्ड क्रमांक 47 के पार्षद लोकेश डेहरिया के असामयिक निधन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री



राकेश सिंह, भाजपा के प्र दे श महामंत्री एवं छिं द वा ड़ा संभाग प्रभारी डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी तथा जिला संगठन प्रभारी आदित्य बबला शुक्ला, सांसद बंटी साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव सहित भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है। वरिष्ठ नेताओं ने अपने शोक संदेश में कहा कि लोकेश डेहरिया एक समर्पित, कर्मठ एवं संगठननिष्ठ कार्यकर्ता थे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के संगठन को मजबूत बनाने तथा समाज की सेवा के लिए निरंतर कार्य किया। उनका असामयिक निधन न केवल उनके परिवार, बल्कि भारतीय जनता पार्टी के लिए भी एक अपूरणीय क्षति है।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर के साथ भंडारे का आयोजन

छिंदवाड़ा। सन्त आशाराम बापू की पावन प्रेरणा से लिंगा आश्रम में प्रतिमाह अमावस्या के आसपास भंडारे का नि:शुल्क आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन संम्पन हुआ। आश्रम के आसपास के सैकड़ों ग्रामों के लोगों ने यहाँ आकर स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। आश्रम प्रबंधन द्वारा जरूरत मन्दों को मौसम के हिसाब से जरूरत की सामग्री भेंट की।500 परिवार के विधिवत राशन कार्ड बनाये गए। जो जरूरत मंद भंडारे के दिन किसी कारणवश नही आ पाते हैं तो फिर वे अपना राशन बाद में आकर ले जाते हैं। आयोजन समिति ने सभी जरूरतमंदों को बरसात से बचने के लिए छतरी भी भेंट की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पांढुर्णा जिला के जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप महोड़ ,जिला पंचायत की सदस्य ललिता घोंगे ,जिला अन्तोदय समिति के पूर्व जिलाध्यक्ष विलास घोंगे ,, बिसापुर के सरपँच श्री वेद सिसोदिया ,भाजपा नेता प्रदीप डांगे ,जगदीश सकरड़े मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सभी मुख्य अतिथियों ने पूज्य बापूजी द्वारा पूरे देश भर के 550 आश्रमों में चलाई जा रही इस सेवा की जमकर सराहना की। स्वास्थ्य शिविर में प्रसिद्ध डॉ. अरविंद राउत ने सेवाएं दी।

### चार माह पहले हुई थी शादी, पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी जांच, फिलहाल जीरो पर मर्ग कायम

# संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की मौत

## मायके पक्ष ने लगाया गला घोंटकर हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



**जिले में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला अब गंभीर मोड़ पर पहुंच गया है। शुरुआत में मामला जहर सेवन से मौत का माना जा रहा था, लेकिन पोस्टमार्टम के दौरान मृतका के गले पर कथित निशान दिखाई देने के बाद मायके पक्ष ने पति और ससुराल पक्ष पर गला घोंटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। परिजनों के आरोपों के बाद अब पूरे मामले की दिशा पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर निर्भर हो गई है। यदि रिपोर्ट में गला दबाने या अन्य संदिग्ध परिस्थितियों की पुष्टि होती है तो पुलिस हत्या का प्रकरण दर्ज कर सकती है।**

जानकारी के अनुसार, मृतका अंकिता चंद्रवंशी (20 वर्ष) अमरवाड़ा क्षेत्र के ग्राम केकड़ा की निवासी थी। लगभग चार माह पूर्व उसका विवाह सांवरी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पटेरिया निवासी आकाश चंद्रवंशी के साथ हुआ था। विवाह के कुछ ही महीनों बाद उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से दोनों परिवारों में शोक के साथ-साथ तनाव का माहौल है।

गुरुवार तड़के अंकिता की तबीयत बिगड़ने की सूचना पर उसे उपचार के लिए विवांता अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक स्तर पर मामला जहर सेवन से जुड़ा माना जा रहा था, लेकिन घटनाक्रम उस समय बदल गया जब पोस्टमार्टम के दौरान मायके पक्ष ने शव पर गले में कथित निशान होने का दावा किया। इसके बाद परिजनों ने स्पष्ट रूप से आरोप लगाया कि अंकिता की गला दबाकर हत्या की गई है और जहर सेवन की कहानी बनाकर मामले को दूसरी दिशा देने का प्रयास किया जा रहा है।

मृतका के परिजनों का कहना है कि अंकिता ने विवाह के बाद कई बार उन्हें बताया था कि उसका पति आकाश चंद्रवंशी आए दिन उससे विवाद और झगड़ा करता था। उनका आरोप है कि विवाह के दो-तीन माह बाद से ही उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। परिजनों ने उस समय इसे पारिवारिक विवाद मानकर समझाइश देने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें इस बात का अंदाजा नहीं था कि मामला इतनी दुखद घटना तक पहुंच जाएगा।

पोस्टमार्टम के लिए शव पहुंचने के बाद जब मायके पक्ष ने अंकिता का शव देखा तो गले पर दिखाई दिए कथित निशानों ने उनके संदेह को और मजबूत कर दिया। उन्होंने पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि यदि वैज्ञानिक जांच कराई जाए तो सच्चाई सामने आ जाएगी।

पुलिस ने मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, फिलहाल मामला जीरो पर देहात थाना में दर्ज किया गया है। चूंकि घटना का क्षेत्राधिकार सांवरी चौकी के अंतर्गत ग्राम पटेरिया का है, इसलिए प्रारंभिक औपचारिकताओं के बाद केस डायरी संबंधित थाना क्षेत्र को स्थानांतरित की जाएगी और वहीं आगे की विवेचना होगी। मामले को लेकर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, चिकित्सकीय राय, एफएसएल रिपोर्ट तथा अन्य भौतिक साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यदि जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाने अथवा हत्या के अन्य साक्ष्य सामने आते हैं तो संबंधित धाराओं में हत्या का मामला दर्ज किया जाएगा। वहीं यदि रिपोर्ट में कोई अन्य कारण सामने आता है तो उसी के अनुरूप वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। डीएसपी रामेश्वर चौबे ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है। मृतका के मायके और ससुराल पक्ष के बयान लिए जा रहे हैं। घटना के समय घर में कौन-कौन मौजूद था, नवविवाहिता की मौत किन परिस्थितियों में हुई तथा पति सहित अन्य लोगों की भूमिका क्या रही, इन सभी बिंदुओं की बारीकी से पड़ताल की जा रही है। फिलहाल इस पूरे मामले में सबसे महत्वपूर्ण कड़ी पोस्टमार्टम रिपोर्ट मानी जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि अंकिता की मौत जहर सेवन से हुई, गला दबाने से हुई या फिर किसी अन्य कारण से। इसी आधार पर पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई तय करेगी। इधर, मायके पक्ष ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा है कि उन्हें निष्पक्ष जांच और न्याय की उम्मीद है।

## श्री जगन्नाथ रथयात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

### सांसद ने भगवान श्री जगन्नाथ के रथों को अपने हाथों से रस्सी खिंचकर आगे भी बढाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



विगत 13 वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही श्री जगन्नाथ रथयात्रा गुरुवार को धर्मनगरी छोटी बाज़ार स्थित पावर हाउस परिसर से अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ निकाली गई। रथयात्रा का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भगवान श्री जगन्नाथ, श्री बलभद्र एवं माता सुभद्रा के विग्रहों को भव्य एवं सुसज्जित रथ में विराजमान कर किया गया।

रथयात्रा में लगभग 50 लोक कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में मनमोहक लोकनृत्य प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। डीजे, ढोल-नगाड़ों, जयघोष, ध्वज-पताकाओं और भक्ति संगीत के साथ निकली यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे मार्ग में भक्तों ने ₹जय जगन्नाथ₹ के जयघोष से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।यात्रा का विभिन्न स्थानों पर सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा पुष्पवर्षा एवं स्वागत किया गया। श्री बड़ी माता मंदिर ट्रस्ट, श्री शैलपुत्री माता मंदिर, ब्रह्म समाज मंडल, बालाजी सेवा समिति सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं ने रथयात्रा का भव्य स्वागत कर भगवान श्री जगन्नाथ का पूजन-अर्चन किया। रथयात्रा का समापन श्री अनगढ़ हनुमान मंदिर परिसर में हुआ। इसके उपरांत यात्रा वर्धमान सिटी स्थित आराधना स्थल पहुँची, जहाँ भगवान श्री जगन्नाथ, श्री बलभद्र एवं माता सुभद्रा के दर्शन हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री महाप्रभु श्री जगन्नाथ समिति ने रथयात्रा को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवकों, मीडिया बंधुओं एवं श्रद्धालुओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## फिर हादसे का गवाह बना ईएलसी चौक, डिवाइडर पर चढ़ी कार, यातायात व्यवस्था पर उठे सवाल

छिंदवाड़ा। शहर का ईएलसी चौक एक बार फिर सड़क हादसे का गवाह बना। शुक्रवार को यहां एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन हादसे ने एक बार फिर इस चौक की यातायात व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि ईएलसी चौक पर पहले भी कई सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इसके बावजूद यातायात विभाग द्वारा प्रभावी सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए हैं। नागरिकों का आरोप है कि चौक पर पर्याप्त चेतावनी संकेत, रिफ्लेक्टर, गति नियंत्रण के उपाय और सुव्यवस्थित ट्रैफिक प्रबंधन का अभाव बना हुआ है, जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।राहगीरों का कहना है कि यदि समय रहते इस चौक की यातायात व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है। लोगों ने जिला प्रशासन और यातायात पुलिस से मांग की है कि ईएलसी चौक का सुरक्षा ऑडिट कराया जाए, आवश्यक संकेतक, स्पीड कंट्रोल उपाय और बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि लगातार हो रही दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लग सके।



## सियाल घोघरी यूजी खदान में हो रही सुरक्षा की अनदेखी गर्मी के कारण मजदूरों को आ रहे चक्कर

### हो रही उल्टियां विधायक ने खान सुरक्षा निदेशक से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया विधानसभा में संचालित आर सी सी पी एल सियाल घोघरी अंडर ग्राउंड कोयला खदान में सुरक्षा में व्यापक अनदेखी होने की बात सामने आई है। यहां खदान के अंदर काम करने के दौरान गर्मी के चलते मजदूरों को चक्कर आने और उल्टियां होने शिकायत मिल रही है। जिसकी शिकायत विधायक और इंटक अध्यक्ष सोहन लाल वाल्मीकि ने खान सुरक्षा निदेशक से की है और खदान में सुरक्षा मानकों की जांच करने की मांग रखी है।

जनपद परासिया की घोघरी पंचायत में रिलायंस कंपनी के द्वारा भूमिगत कोयला खदान चलाई जा रही है। जहां काम करने वाले मजदूरों के द्वारा श्रमिक संगठनों को लगातार खदान प्रबंधन के द्वारा सुरक्षा में अनदेखी कर कोयला उत्पादन कराए जाने की शिकायत की जाती रही। जिसके चलते श्रमिक संगठनों की त्रिपाक्षिय समिति विधायक सोहन वाल्मीकि के नेतृत्व में खदान का निरिक्षण करने पहुंची, लेकिन आर सी सी पी एल सियाल घोघरी के महाप्रबंधक ने निरिक्षण नहीं करने दिया। जिसके चलते समिति के सदस्य नाराज हो गए। उन्होंने आरोप लगाया कि खदान प्रबंधक अपनी गलतियों को छुपाना चाह रहा है।

कोयला खदानों में मजदूरों की सुरक्षा सर्वोपरि होती है, लेकिन आर सी सी पी एल प्रबंधन मजदूरों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करते हुए केवल उत्पादन कराने में लगा हुआ है। जो कतई बर्दाश्त नहीं होगा। इस सम्बन्ध में विधायक श्री वाल्मीकि ने खान सुरक्षा निदेशक को लिखित शिकायत की। जिसमें उन्होंने बताया कि खदान प्रबंधन सुरक्षा मानकों को नहीं अपना रहा है। खदान के W 2 और W 11 पेनल में गर्मी के कारण कामगारों को चक्कर आ रहे हैं। उल्टियां हो रही है। चर्म रोग होने की शिकायत कामगारों द्वारा की जा रही है। शिकायत में निदेशक से कहा गया है, कि वें आर सी सी पी एल सियाल घोघरी भूमिगत कोयला खदान में व्याप्त समस्याओं को गंभीरता से लेकर वहां निरिक्षण कर सुरक्षा के मानकों की जांच करें, ताकि भविष्य में किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

**सुरक्षा निदेशालय पर सवाल**

जिले की कोयला खदानों और अन्य खदानों में सुरक्षा की निगरानी, सुरक्षा मानकों के पालन आदि के लिए शासन की ओर से खान सुरक्षा निदेशालय बनाया हुआ है। जिसका कार्यालय परासिया में। यहां सुरक्षा निदेशक पदस्थ हैं। जिनका कार्य समय - समय पर खदानों में जाकर निरिक्षण करना और सुरक्षा से सम्बंधित निर्देश जारी कर निर्देशों का पालन कराना हैं, लेकिन बीते कुछ समय से पेंच कोयला क्षेत्र में संचालित वेकोलि की विभिन्न खदानों में हुई दुर्घटनाओं और अब आर सी सी पी एल सियाल घोघरी कोयला खदान से मिल रही सुरक्षा से सम्बंधित शिकायतों ने उक्त विभाग की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिया है।

## मोहगांव-पांढुरना मार्ग पर अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

गुरुवार की सुबह मोहगांव-पांढुरना मार्ग पर ग्राम उमरामुकता के समीप एक दर्दनाक हादसा हो गया। कामगारों को छोड़कर लौट रहे एक ट्रैक्टर का अचानक टायर फट जाने से वह अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में सवार 2 युवक घायल हो गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर चालक कामगारों को उनके घर सिवनी छोड़कर वापस लौट रहा था। जैसे ही ट्रैक्टर ग्राम उमरामुकता के पास पहुँचा, अचानक उसका आगे का टायर फट गया और बाहर निकल गया। संतुलन बिगड़ने के कारण ट्रैक्टर सड़क पर ही अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के समय ट्रैक्टर पर चालक के अलावा दो अन्य युवक भी सवार थे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को तुरंत सौसर अस्पताल पहुँचाया। हादसे में वार्ड क्रमांक 13, सौसर निवासी राहुल टेकाम के पैर और सिर में चोटें आई हैं, जिनका अस्पताल में उपचार जारी है। वहीं, ट्रैक्टर सवार 1 युवक को भी मामूली चोटें आई हैं।

## बेकाबू टैंकर ने बाइक सवार को कुचला, दर्दनाक मौत

### 4 वर्षीय मासूम के दोनों पैर टूटे, पुलिस कर रही मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नागपुर रोड पर आज शाम एक बेहद दर्दनाक और रूह कंपा देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। शंकरनगर स्थित शिव मंदिर के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित टैंकर ने मोटरसाइकिल सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक के सिर के ऊपर से टैंकर का पहिया गुजर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, बाइक पर सवार एक चार वर्षीय मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसके दोनों पैर फ्रैक्चर हो गए हैं।

**स्कूल से लौटते समय काल बनकर आया टैंकर**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, महावीर वार्ड निवासी विजय कपले श्पॉप क्लबश् के कर्मचारी उमाशंकर के चार वर्षीय बेटे को स्कूल से लेकर बाइक द्वारा घर लौट रहा था। इसी दौरान नागपुर रोड पर शिव मंदिर के सामने यह दर्दनाक हादसा हो गया। टक्कर लगते ही विजय सड़क पर गिर गया और टैंकर का भारी चक्का उसके सिर को कुचलते हुए निकल गया।



**मासूम के दोनों पैर टूटे, अस्पताल में भर्ती**

इस भीषण टक्कर में बाइक पर सवार चार वर्षीय मासूम भी गंभीर रूप से घायल हो गया। डॉक्टरों के मुताबिक, हादसे में बच्चे के दोनों पैर फ्रैक्चर हो गए हैं। उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है।

**टैंकर लेकर चालक फरार, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस**

हादसे को अंजाम देने के बाद आरोपी चालक टैंकर सहित मौके से फरार होने में कामयाब रहा। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा मुख्य मार्ग और आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि फरार टैंकर और उसके चालक की शिनाख्त कर उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके। इस हादसे के बाद से क्षेत्र में गहरा शोक और आक्रोश व्याप्त है।

## चोरों के हौसले बुलंद, मेन रोड पर पार्षद के दफ्तर में चोरी और तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

पांढुर्णा क्षेत्र में अपराधियों और चोरों के हौसलेबुलंद हो चुके हैं कि अब उन्हें पुलिस और प्रशासन का कोई डर नहीं रह गया है। बीती रात चोरों ने पुलिस गश्त को ठेंगा दिखाते हुए शहर के बीचों-बीच, व्यस्तम मेन रोड पर स्थित एक विशाल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स को अपना निशाना बनाया। चोरों ने सरेराह दो दुकानों के शटर तोड़कर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को खुली चुनौती दे डाली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में गणेश वार्ड के पार्षद प्रदीप कामदार का नमामी इन्वेस्टमेंट नामक दफ्तर स्थित है। चोरों ने बड़ी आसानी से दुकान का शटर तोड़ा और भीतर प्रवेश कर गए। चोरों ने दफ्तर के अंदर रखी करीब 5 से 6 हजार रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। केवल चोरी ही नहीं, बल्कि चोरों ने अंदर लगे कांच के महंगे और आकर्षक फर्नीचर को भी बेरहमी से तोड़ दिया, जिससे संचालक को भारी नुकसान हुआ है।

**सेंटर लॉक ने बचाया इलेक्ट्रॉनिक दुकान को**

इसी कॉम्प्लेक्स में स्थित राजेश इलेक्ट्रॉनिक्स नामक एक अन्य बड़ी दुकान को भी चोरों ने निशाना बनाने की पूरी कोशिश की। चोरों ने दुकान का शटर तोड़ने के लिए काफी मशक्कत की और बल प्रयोग भी किया। लेकिन दुकान में मजबूत सेंटर लॉक लगे होने के कारण चोर उसे तोड़ने में नाकाम रहे, जिससे दुकान के भीतर रखा लाखों का सामान चोरी होने से बाल-बाल बच गया।

**सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल**

शहर के मुख्य मार्ग पर हुई इस दुस्साहसिक वारदात से स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों में भारी आक्रोश और भय का माहौल है। लोगों का कहना है कि यदि मुख्य मार्ग पर ही दुकानें सुरक्षित नहीं हैं, तो अंदरूनी वार्डों की क्या स्थिति होगी।मामले की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस अज्ञात चोरों की सरगर्मी से तलाश कर रही है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। हालांकि, खबर लिखे जाने तक पुलिस के हाथ खाली हैं और चोरों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

### वन विभाग, राजस्व के कर्मचारियों पर वाहन पकड़कर छोड़ने के लग रहे आरोप

## निर्माण स्थलों तक पहुंच रही जंगलों की नदियों से चोरी की जा रही रेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया तहसील में अवैध रेत उत्खनन का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। आरोप है कि राजस्व क्षेत्र की नदियों से वर्षों तक हुए अवैध दोहन के कारण कुआंबादला, कुर्सीढाना, दौरियाखेड़ा, प्रतापगढ़ बादला और बंजारी गुढ़ी क्षेत्र की कई नदियों में रेत लगभग समाप्त हो चुकी है। अब रेत माफियाओं ने वन भूमि की नदियों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि बागई, धौखेड़ा और फांसी ढाना के जंगलों से चोरी-छिपे रेत निकाली जा रही है, जिसमें वन विभाग के कुछ मैदानी कर्मचारियों की मिलीभगत होने की चर्चाएं हैं।बताया जा रहा है कि जंगलों से निकाली गई रेत को दिन के समय राजस्व भूमि में भंडारित किया जाता है और रात के अंधेरे में ट्रकों के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर ऊंचे दामों में बेचा जाता है। वर्तमान में निर्माण कार्यों की अधिकता के कारण रेत की मांग बढ़ी हुई है, जिसका फायदा अवैध कारोबार करने वाले उठा रहे हैं।

स्थानीय लोगों का दावा है कि अवैध रूप से निकाली गई रेत तामिया में पुलिस हाउसिंग बोर्ड के अधीन चल रहे निर्माण कार्यों तक पहुंच रही है। इनमें फॉरेस्ट कॉलोनी के सामने मुख्य मार्ग पर निर्माणाधीन भवन और सांदीपनी स्कूल परिसर के निर्माण कार्य भी शामिल बताए जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि सांदीपनी स्कूल परिसर में प्रवेश द्वार पर सुरक्षा गार्ड तैनात रहते हैं और वहां आने वाले वाहनों की एंट्री रजिस्टर में दर्ज की जाती है। ऐसे में यह जांच का विषय है कि निर्माण स्थल तक पहुंच रही रेत का स्रोत क्या है और क्या वाहनों का विधिवत रिकॉर्ड उपलब्ध है।

हालांकि जिला प्रशासन और कलेक्टर द्वारा समय-समय पर अवैध रेत उत्खनन रोकने के सख्त निर्देश जारी किए जाते रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इनका अपेक्षित असर दिखाई नहीं दे रहा है। क्षेत्र में यह चर्चा भी है कि गश्ती दलों द्वारा पकड़े गए रेत से भरे वाहनों को कथित लेनदेन के बाद छोड़ दिया जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, बीते शनिवार रात लगभग 11 बजे तामिया घाट पर राजस्व विभाग की एक बोलेरो ने रेत से भरे ट्रक को रोका था, जिसे बाद में छोड़ दिए जाने की चर्चा रही। इसी तरह रीछ डोबरा के पास वन विभाग द्वारा पकड़े गए एक रेत से भरे ट्रैक्टर को भी कथित रूप से कार्रवाई के बजाय छोड़ने की बातें सामने आ रही हैं।

यदि इन आरोपों में सच्चाई है तो यह न केवल एनजीटी के निर्देशों की अवहेलना है, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों की खुली लूट और सरकारी तंत्र की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। स्थानीय नागरिकों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# प्रधानमंत्री आज करेंगे जुन्नारदेव रेलवे स्टेशन का वर्चुअल लोकार्पण

## 25.40 करोड़ की लागत से हुआ आधुनिक कायाकल्पज, यात्रियों को मिलेगी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत आधुनिक स्वरूप में विकसित किए गए जुन्नारदेव रेलवे स्टेशन का वर्चुअल लोकार्पण शुक्रवार, 17 जुलाई को दोपहर 2:45 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। देशभर के 75 नवनिर्मित एवं पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों के साथ जुन्नारदेव स्टेशन भी औपचारिक रूप से राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा।

लगभग 25.40 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकसित इस स्टेशन में यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा, सुगम आवागमन और आधुनिक अवसंरचना को प्राथमिकता देते हुए व्यापक निर्माण कार्य किए गए हैं।अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जुन्नारदेव रेलवे स्टेशन का निर्माण कार्य





फरवरी 2025 में प्रारंभ हुआ था, जिसे मार्च 2026 में पूर्ण कर लिया गया। मध्य रेल के नागपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले इस एनएसजी-5 श्रेणी के स्टेशन का पुनर्विकास स्थानीय सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक वास्तुकला के साथ जोड़ते हुए किया गया है। वर्तमान स्टेशन भवन का इतिहास वर्ष 1936 से जुड़ा है, जब नागपुर–बालाघाट रेलखंड के निर्माण के दौरान इसका निर्माण हुआ था। स्वतंत्रता-पूर्व काल से क्षेत्र की पहचान रहे इस स्टेशन को अब अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है।

रेलवे स्टेशन पर 12 मीटर चौड़ा एवं 121 मीटर लंबा नया फुट ओवर ब्रिज बनाया गया है, जिसमें चार आधुनिक लिफ्ट एवं चार रैंप की व्यवस्था की गई है। पुराने फुट ओवर ब्रिज पर भी दो अतिरिक्त लिफ्ट स्थापित की गई हैं। स्टेशन परिसर में नया टिकट घर, पोर्च सहित आधुनिक प्रतीक्षालय, वातानुकूलित आरक्षित प्रतीक्षालय, दिव्यांगजन अनुकूल रैंप, वीआईपी रेस्ट रूम, उन्नत शौचालय, अतिरिक्त प्लेटफॉर्म शेड तथा आधुनिक बैठक व्यवस्था विकसित की गई है।

जुन्नारदेव रेलवे स्टेशन छिंदवाड़ा जिले की जुन्नारदेव तहसील का प्रमुख रेलवे स्टेशन है और दक्षिण-पूर्वी मध्य प्रदेश के पर्यटन एवं औद्योगिक क्षेत्र का प्रवेश द्वार माना जाता है।

यहां से तमिया हिल्स, पातालकोट घाटी, पहली पायरी, करंजी जलप्रपात तथा हिंगलाज माता मंदिर जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों तक पहुंच आसान होती है। वहीं वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) के कन्हान क्षेत्र का मुख्यालय, एशिया का सबसे बड़ा कोयला वॉशरी संयंत्र तथा लगभग 15 कोयला खदानें होने के कारण यह क्षेत्र औद्योगिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## रेवनाथ चौरे पार्क सामने सड़क के गड्ढे भरे, हरकत में आया नपा प्रशासन



**सौंसर।** नागपुर-छिंदवाड़ा मार्ग पर स्थित स्वर्गीय रेवनाथ चोरे पार्क के सामने की जर्जर सड़क अब राहगीरों के लिए सुगम हो गई है। लंबे समय से बड़े-बड़े गड्ढों के कारण हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए संबंधित विभाग और नगरपालिका सौसर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए गुरुवार को इन गड्ढों की मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लिया है। पार्क के सामने की सड़क पर बने गहरे गड्ढों के कारण यह मार्ग हादसे का केंद्र बन गया था। बारिश के मौसम में इन गड्ढों में पानी भर जाने से दुपहिया वाहन चालकों, स्कूली छात्र-छात्राओं का गिरना आम हो गया था। इस गंभीर समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए समाचार का प्रकाशन किया था। इसके साथ ही स्थानीय ग्रामीणों और नागरिकों ने भी प्रशासन से निरंतर मांग की थी कि जल्द से जल्द सड़क को दुरुस्त किया जाए। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों स्कूली छात्र-छात्राएं, अधिकारी-कर्मचारी, ग्रामीण महिलाएं और नौकरीपेशा लोग नागपुर की ओर आवागमन करते हैं। सड़क की दयनीय स्थिति से उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। गुरुवार को विभाग द्वारा डामर और गिट्टी डालकर गड्ढों को भर दिए जाने से यात्रियों ने बड़ी राहत की सांस ली है।समय रहते की गई इस मरम्मत के लिए नागरिकों ने नगरपालिका प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस पहल से अब बड़ी दुर्घटनाओं की आशंका काफी हद तक कम हो गई है।

## कांग्रेस की बैठक में चुनाव, आंदोलन पर बनी रणनीति, नगर निकाय, पंचायत चुनाव पर चर्चा



**सौंसर।** स्थानीय ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय में गुरुवार को एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से संगठनात्मक विस्तार, किसानों की ज्वलंत समस्याओं और आगामी नगरीय निकाय व पंचायत चुनावों की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य बूथ और वार्ड स्तर पर समितियों के गठन को गति देना था, ताकि आगामी नगर पालिका और ग्राम पंचायत चुनावों में कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिल सके। नेताओ ओर पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जमीनी स्तर पर सक्रिय होकर पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को आम जनता तक पहुँचाएं। इसके साथ ही, क्षेत्र के किसानों को पेश आ रही विभिन्न समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा की गई और उनके निराकरण के लिए आवश्यक कदम उठाने पर सहमति बनी। कार्यक्रम के दौरान नव-नियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। वरिष्ठ नेताओं ने संगठन की मजबूती के लिए पदाधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर जिला पांढुर्णा प्रभारी गंगाप्रसाद तिवारी,जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पांढुर्णा जतन उइके,सौसर विधायक विजय चौरे,भागवत महाजन,सुरेश कपाले, पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष युवराज जिचकार, अशोक चौधरी,विमल चौधरी,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र येमदे,विलास जोगी,सरपंच पंकज दातारकर, जिला यूका अध्यक्ष अंकुश धुर्वे, चंद्रशेखर गुर्वे, श्रीमती नीलिमा पाटिल, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष नेहा जोगी, ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष एड. रामशिला सूर्यवंशी,नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी जैसवाल सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नगरपालिका अध्यक्ष ने लिया आंगनवाड़ी केंद्र का जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

चौरई नगर के वार्डों के भ्रमण की श्रृंखला में वार्ड क्रमांक 13 का भ्रमण करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पुर्णिमा शरद जैन मुख्य नगर पालिका अधिकारी अंकिता बर्मन अपने पूरे अमले के साथ सीधे आंगनवाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण कर हो रही परेशानियों का निराकरण हेतु सीएमओ को अवगत कराया और घर-घर घूम कर लोगों की समस्याओं से रूबरू होते हुए घूमते हुए वार्ड के पिछड़े इलाकों में पेयजल एवं सफाई को लेकर तुरंत निराकरण के निर्देश दिए उक्त वार्ड में एक बहुत प्राचीन कुआं जिसका पेयजल का उपयोग किया जा सकता है की सफाई के निर्देश के साथ पेयजल सप्लाई को दुरुस्त करते हुए घर-घर पानी पहुंचे इस हेतु शीघ्र कार्य संपादित करने का आश्वासन आम जनों को दिया नगर पालिका अध्यक्ष एवं उनके साथी सहयोगी वार्ड के घर-घर पहुंचकर वार्ड वासियों से मुलाकात कर स्वच्छता एवं पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के निर्देश देते हुए नालियों की सफाई कचरे के ढेर को उठाकर अलग कर नालियों में मच्छर की दवाई के छिड़काव का निर्देश दिया गया कुछ स्थानों पर पेयजल सप्लाई बाधित होने से तत्काल नई पाइपलाइन डालकर व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए।

## एक ही सीजन में लखपति बने किसान रघुवर भादे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्य प्रदेश सरकार और बोरलॉग इंस्टीट्यूट फॉर साउथ एशिया के संयुक्त प्रयास से संचालित जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम ने छिंदवाड़ा जिले के किसान रघुवर भादे की खेती और आमदनी, दोनों की तस्वीर बदल दी है। बदलते मौसम और अनिश्चित बारिश के इस दौर में, जहां पारंपरिक खेती हर सीजन एक जुआ बनती जा रही थी, वहीं रघुवर जी ने वैज्ञानिक तकनीक अपनाकर यह साबित कर दिया कि जलवायु-अनुकूल खेती न सिर्फ टिकाऊ है, बल्कि बेहद मुनाफे का सौदा भी है।

रघुवर भादे पिछले दो वर्षों से इस कार्यक्रम से जुड़े हुए हैं। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम के वैज्ञानिकों और कृषि विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन में आधुनिक कृषि पद्धतियों को क्रमबद्ध ढंग से अपनाया। इसी क्रम में इस वर्ष उन्हें मिनी कस्टम हायरिंग सेंटर के माध्यम से एक अत्याधुनिक मशीन उपलब्ध कराई गई जीरो टिलेज सह डी.एस.आर. मल्टी क्रॉप प्लांटर, जो उनकी सफलता की सबसे बड़ी कड़ी



साबित हुई। तकनीक जो मिट्टी और मौसम, दोनों को संभालती हैयह मशीन बुवाई की पारंपरिक विधि से कहीं अधिक है। बिना जुताई के सीधी बुवाई की यह तकनीक जमीन की प्राकृतिक संरचना और नमी को सुरक्षित रखती है, मिट्टी के सूक्ष्म पोषक तत्वों का क्षरण रोकती है, और फसल अवशेषों को जलाने के बजाय उन्हें खेत में ही संरक्षित कर मिट्टी की उर्वरता बढ़ाती है।

परिणामस्वरूप, कम पानी और कम लागत में भी फसल अनियमित मौसम की मार को बेहतर ढंग से झेल पाती है यही जलवायु अनुकूल कृषि की मूल भावना है, जिसे यह कार्यक्रम जमीनी स्तर पर साकार कर रहा है।रघुवर जी बताते हैं, ₹पहले जो पैसा जुताई और मजदूरी में उड़ जाता था, अब वही मशीन की मदद से बच रहा था।₹ मशीन मिलते ही उन्होंने पहले अपने खेत में इसका प्रयोग किया, फिर इसका लाभ आसपास के किसानों तक भी पहुंचाया मशीन को किराए पर देकर। इससे क्षेत्र के अन्य किसानों के खेतों में भी डीएसआर विधि से धान, जीरो टिलेज तकनीक से मक्का, और सोयाबीन की बुवाई संभव हो सकी। अपने खेत और किराए, दोनों को मिलाकर रघुवर जी ने कुल लगभग 128 एकड़ रकबे में इस एक मशीन से बुवाई पूर्ण की जो क्षेत्र में अपने आप में एक कीर्तिमान है।

## पटवारी राजेश चौरसिया का सम्मान

**सिंगोड़ी :-** सिंगोड़ी में पदस्थ पटवारी राजेश चौरसिया के छिंदवाड़ा स्थानांतरण होने पर मरही माता सेवा समिति सिंगोड़ी द्वारा उनका शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने पटवारी राजेश चौरसिया के सिंगोड़ी में कार्यकाल के दौरान उनके सरल, सौम्य एवं जनहितैषी कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा आमजन की समस्याओं का तत्परता से निराकरण किया। उनके स्थानांतरण पर समिति ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी।

सम्मान समारोह के दौरान समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शाल और श्रीफल भेंट कर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया तथा उनके नए कार्यस्थल छिंदवाड़ा में सफल एवं मंगलमय कार्यकाल की कामना की। कार्यक्रम में मरही माता सेवा समिति के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर पटवारी राजेश चौरसिया , लवकुश डेहरिया, मंदिर समिति के संरक्षक महेश मालवी आदि मौजूद रहे।

### खबर संक्षेप

## दो भवनों का कराया गया सुरक्षित ध्वस्तीकरण, नागरिकों से सहयोग की अपील

**मण्डला।** कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे एवं एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद मंडला द्वारा जनसुरक्षा एवं वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए जर्जर एवं खतरनाक भवनों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में गुरुवार को वार्ड क्रमांक 3 नर्मदाजी वार्ड स्थित स्वर्गीय दुर्गा प्रसाद सोनी के जर्जर भवन तथा वार्ड क्रमांक 6 रानी दुर्गावती वार्ड स्थित श्री नारायण विश्वकर्मा के जर्जर भवन का नियमानुसार सुरक्षित ध्वस्तीकरण कराया गया। नगर पालिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए यह कार्रवाई संपन्न की गई। संबंधित भवन स्वामियों को पूर्व में नियमानुसार नोटिस जारी किए गए थे, किंतु आवश्यक कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण जनहित एवं जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भवनों का ध्वस्तीकरण कराया गया। नगर पालिका परिषद मंडला ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि यदि उनके स्वामित्व में कोई जर्जर अथवा खतरनाक भवन है, तो उसकी समय रहते मरम्मत अथवा सुरक्षित ध्वस्तीकरण कराकर नगर पालिका प्रशासन का सहयोग करें। इससे वर्षाकाल के दौरान किसी भी प्रकार की जन-धन हानि की संभावना को रोका जा सकेगा तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

### लगभग 150 वर्ष पुराने विद्यालय को जीर्णोद्धार और अतिरिक्त कक्षों की दरकार

# एक ही कमरे में पढ़ने को मजबूर 80-90 छात्राएं

*** पीएमश्री रानी अवंतीबाई कन्या स्कूल में 664 से अधिक छात्राएं अध्ययनरत।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला मुख्यालय स्थित पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानी अवंतीबाई जिले में बालिका शिक्षा का प्रमुख केंद्र बन चुका है। वर्ष 1882 में निर्मित ऐतिहासिक भवन में संचालित यह विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित वातावरण एवं अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन के कारण जिले सहित दूर-दराज के क्षेत्रों की छात्राओं की पहली पसंद बना हुआ है। वर्तमान में विद्यालय में 664 से अधिक छात्राएं अध्ययनरत हैं, जबकि प्रवेश प्रक्रिया अभी जारी है, जिससे छात्र संख्या में और वृद्धि होने की संभावना है।




विद्यालय प्रबंधन के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र में बालिकाओं के लिए केवल दो शासकीय कन्या हायर सेकंडरी विद्यालय संचालित हैं। इनमें रानी अवंतीबाई विद्यालय और महाराजपुर स्थित कन्या हायर सेकंडरी विद्यालय शामिल हैं। आसपास के अनेक हाईस्कूलों से छात्राएं उच्च शिक्षा के लिए इसी विद्यालय में प्रवेश लेती हैं। परिसर में संचालित कन्या छात्रावास भी दूरस्थ अंचलों की छात्राओं को शिक्षा प्राप्त करने का बेहतर अवसर प्रदान करता है।



विद्यालय में खेल मैदान, विज्ञान प्रयोगशाला, कंप्यूटर कक्ष, पुस्तकालय, स्टाफ रूम, संगीत कक्ष, रेडक्रॉस कक्ष तथा ब्यूटीशियन कक्ष जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यालय प्रबंधन छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने का निरंतर प्रयास कर रहा है।

लगातार बढ़ रही छात्र संख्या के कारण विद्यालय में कक्षों की गंभीर कमी बनी हुई है। वर्तमान में लगभग 12 कक्ष उपलब्ध हैं, जबकि 14 से 15 सेक्शन संचालित किए जा रहे हैं। परिणामस्वरूप कई कक्षाओं में 80 से 90 छात्राओं को एक साथ बैठाकर पढ़ाई करानी पड़ रही है, जिससे शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है और विद्यार्थियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

विद्यालय में पर्याप्त शौचालयों का अभाव भी लंबे समय से बना हुआ है। कर्मचारियों के लिए अलग पुरुष शौचालय की आवश्यकता महसूस की जा रही है। वहीं, प्राचार्य कक्ष नहीं होने से प्रशासनिक कार्यों के संचालन में भी कठिनाइयां आती हैं।

यद्यपि शासन ने विद्यालय को पीएमश्री विद्यालय का दर्जा प्रदान किया है, लेकिन बढ़ती छात्र संख्या के अनुरूप अतिरिक्त कक्षों के निर्माण, वर्ष 1882 के ऐतिहासिक भवन के जीर्णोद्धार तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध नहीं हो सका है। विद्यालय प्रबंधन ने अपने स्तर पर परिसर का रखरखाव एवं टीन शेड सहित आवश्यक व्यवस्थाएं बनाए रखने का प्रयास किया है।

विद्यालय प्रबंधन, अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों ने शासन और शिक्षा विभाग से मांग की है कि पीएमश्री विद्यालय की गरिमा के अनुरूप अतिरिक्त कक्षों का निर्माण, ऐतिहासिक भवन का शीघ्र जीर्णोद्धार, पर्याप्त शौचालय, प्राचार्य कक्ष एवं अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि जिले की बेटियों को सुरक्षित, सुविधायुक्त और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण मिल सके।

### इनका कहना है -

*विद्यालय में छात्राओं की लगातार बढ़ती संख्या के कारण उपलब्ध कक्ष अपर्याप्त पड़ रहे हैं। कई सेक्शनों में क्षमता से अधिक छात्राओं को बैठाकर अध्ययन कराना पड़ रहा है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त कक्षों तथा पर्याप्त शौचालयों का शीघ्र निर्माण आवश्यक है।₹*

**-जयलक्ष्मी सोनी, प्राचार्या, पीएमश्री शास. कन्या उमावि रानी अवंतीबाई, मण्डला**

# दूसरे दिन भी नहीं मिला नर्मदा नदी में डूबा बुजुर्ग



*** पीपरपानी गांव के पास सर्चिंग।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मंडला बायपास स्थित नर्मदा पुल के नीचे पीपरपानी गांव के पास बुधवार को नदी में लापता हुए 55 वर्षीय बुजुर्ग का दूसरे दिन भी कोई सुराग नहीं मिल सका है। गुरुवार को सुबह से ही एसडीईआरएफ और स्थानीय पुलिस की टीम नदी में सर्च ऑपरेशन चला रही है।

गहरे पानी और तेज बहाव के बीच लापता बुजुर्ग की खोज के लिए गोताखोर लगातार प्रयास कर रहे हैं।

### मुंडन संस्कार के बाद नहाते समय हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार, आमनाला गांव के रहने वाले गणेश प्रसाद उईके (55) बुधवार को अपने परिवार के साथ नर्मदा तट पर पहुंचे थे। परिवार में एक रिश्तेदार के निधन के बाद वहां मुंडन और अन्य धार्मिक कार्यक्रम चल रहे थे। कार्यक्रम खत्म होने के बाद गणेश प्रसाद नदी में नहाने के लिए उतरे। इसी दौरान पैर फिसलने या गहराई का अंदाजा न होने के कारण वे गहरे पानी में चले गए और देखते ही देखते लापता हो गए।

### जाल में फंसी संदिग्ध वस्तु, पर हाथ खाली

हादसे की खबर मिलते ही बुधवार को ही पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई थी। बुधवार देर शाम तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन अंधेरा होने के कारण इसे रोकना पड़ा। गुरुवार सुबह से टीम ने दोबारा स्टीमर और नावों की मदद से खोजबीन शुरू की।

रेस्क्यू के दौरान एक बार टीम के जाल में मानव शरीर के हिस्से जैसी कोई भारी वस्तु फंसी, लेकिन पानी के दबाव के कारण वह तुरंत छूट गई। इस घटना के बाद टीम ने उस विशेष दायरे में अपनी खोज और तेज कर दी है।

# ताले में कैद आयुष्मान आरोग्य मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास

जिले की निवास तहसील से महज 11 किमी. दूर ग्राम हीरापुर में आयुष्मान आरोग्य में पिछले 2 महीने से एएनएम नहीं है जिससे ग्राम व आसपास के निवासियों को इस अस्पताल से स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पा रहा।

स्वास्थ्य विभाग के आलाधिकारी और खंड चिकित्सा अधिकारी के मनमाने रवैये से निवास विकासखंड के अधिकांश अस्पताल महीनों से बंद पड़े हैं, जिनकी खोज खबर लेने वाला कोई नहीं है। वहीं इन स्वास्थ्य केन्द्रों का संचालन न सिर्फ चपरासी के सहारे किया जा रहा है बल्कि ये भृत्यों सामान्य दवाई भी बाँट रहे है।नियमित कर्मचारियों के अभाव में स्थानीय मरीज प्राथमिक उपचार के लिए निवास मुख्यालय जाने को मजबूर हैं।इस अव्यवस्था से बेहद नाराज ग्रामीण महिलाओं का कहना है कि आपातकालीन स्थिति में 10 से 12 किलोमीटर दूर निवास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का रुख करना पड़ता है। क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति पहले से ही चुनौतीपूर्ण है—जंगलों एवं पहाड़ियों से घिरे इस गाँव में मोबाइल नेटवर्क भी न के बराबर है। ग्रामीणों को आपातकालीन स्थिति में मोबाइल से बात करने के लिए गाँव से बाहर किसी ऊँचाई वाले स्थान तक जाना पड़ता है। निवास क्षेत्र के अनेकों उप स्वास्थ्य केंद्र इसी तरह की बदहाली में है। निवास नगर के नजदीक करौंदी उप स्वास्थ्य केंद्र भी लगातार कई दिनों से बंद पड़ा हुआ है। इस विषय से जब संवाददाता ने बीएमओ निवास डॉ विजय पेगवार से बात की तो उन्होंने कहा कि मैं लगातार मॉनिटरिंग कर रहा हूं। आप ने मामले को संज्ञान में लाया है। इसका दौरा कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जाएगा।इस उप स्वास्थ्य केंद्र की बदहाली का सबसे शर्मनाक पहलू तब सामने आया, जब केंद्र के सामने रखे कूड़ेदान में लाखों रुपये की एक्सपायरी (समाप्त हो चुकी) दवाएं लावारिस हालत में पाई गईं। यह स्पष्ट संकेत है कि ताले में बंद इस केंद्र के भीतर दवाएं एक्सपायर होती रहीं, लेकिन जिम्मेदारों ने उन्हें जरूरतमंदों तक पहुँचाने की कोई जहमत नहीं उठाई।

सबसे गंभीर पहलू यह है कि ये एक्सपायरी दवाएं जिस कूड़ेदान में फेंकी गई हैं, वह एक स्कूल भवन के ठीक सामने स्थित है। नियमों की अनदेखी करते हुए जहरीली दवाइयों को खुले में फेंकने से स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा पैदा हो गया है। यह न केवल प्रशासनिक लापरवाही है, बल्कि मासूम बच्चों की जान के साथ सीधा खिलवाड़ भी है।

## खबर संक्षेप

### पेड़ से टकराई कार पांच लोग घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कुरई थाना क्षेत्र टुरिया के पास कार के ब्रेक फेल हो जाने के कारण कार पेड़ से टकरा गई। कार में सवार पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि पुणे निवासी मतीन खान अपने परिवार को लेकर कार क्रमांक एमएच ०४ एफडब्ल्यू ००*६ से पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी क्षेत्र के टुरिया रिसोर्ट जा रहे थे। तभी टुरिया रोड पर कार के ब्रेक फेल हो जाने के कारण कार सडक़ से नीचे उतरकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में पांच लोग घायल हो गए। सूचना पर मौके पर कुरई पुलिस पहुंची। जहां एक बच्ची कार के क्षतिग्रस्त दरवाजे में फंस गई थी। उसे काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। सभी घायलों को कुरई स्वास्थ्य केन्द्र से प्राथमिक उपचार के बाद नागपुर रेफर कर दिया गया।

### बाइक की टक्कर से बछड़ा मृत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** छपारा थाना क्षेत्र के संजय कॉलोनी निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह मंगलवार को घर से बड़े बगीचा जा रहा था। तभी सीएम राइज स्कूल से बस स्टेण्ड की तरफ बस स्टेण्ड जा रहे बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मवेशी के बछड़े को जोरदार टक्कर मार दी। बछड़े को पशु चिकित्सालय ले जाते समय उसकी मौत हो गई। बछड़े की कीमत करीब २० हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने शिकायत पर बाइक चालक पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### कंटेनर की टक्कर से बाइक चालक घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** एनएच-44 कुरई थाना क्षेत्र के खवासा बस स्टेण्ड पर एक कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि टुरिया के पेंच स्थित एक रिसोर्ट निवासी मोनू कुशराम व साथी राम देशमुख निवासी विजयपानी के साथ बाइक से घूमने खवासा बस स्टेण्ड गए थे। तभी नागपुर से जबलपुर की तरफ जा रहे कंटेनर चालक ने लापरवाही पूर्वक चलते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। हादसे में दोनों घायल को गए। उपचार के लिए कुरई अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने देशमुख की गंभीर हालत को देखते हुए नागपुर रेफर किया है। शिकायत पर पुलिस ने कंटेनर चालक पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### महिला उत्पीडऩ प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष बनी पूर्व पार्षद श्रीमती शबनम

**सिवनी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के दिशा निर्देशानुसार, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी की सहमति से म.प्र. कांग्रेस महिला उत्पीडऩ निवारण प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका किरार के द्वारा जिला कांग्रेस महिला उत्पीडऩ प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष पूर्व पार्षद श्रीमती शबनम खालिद को नियुक्त किया गया। श्रीमती शबनम खान द्वारा विधानसभा एवं ब्लॉक अध्यक्षो की नियुक्ति की गई जो इस प्रकार है।

## तहसील से एसडीएम और फिर अपर कलेक्टर तक... तारीख पर तारीख, न्याय के लिए भटक रहे पक्षकार

**सिवनी।** जिले की राजस्व न्यायालयों में सुनवाई की धीमी रफ्तार आम नागरिकों के लिए बड़ी परेशानी बनती जा रही है। तहसील कार्यालय से शुरू होने वाले कई मामले एसडीएम और अपर कलेक्टर न्यायालय तक पहुंचने के बाद भी समय पर नहीं निपट रहे हैं।

पक्षकारों का आरोप है कि नियमित सुनवाई नहीं होने से हर पेशी पर सिर्फ अगली तारीख मिल रही है, जिससे लंबित मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

जानकारी के अनुसार, दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से 100 से 150 किलोमीटर की यात्रा कर पक्षकार और उनके अधिवक्ता सुनवाई के लिए पहुंचते हैं। कई मामलों में दोपहर बाद यह सूचना दे दी जाती है कि आज सुनवाई नहीं होगी और अगली तारीख तय कर दी गई है। इससे लोगों का समय, पैसा और मेहनत तीनों व्यर्थ हो रहे हैं।

बताया जा रहा है कि कई प्रकरण 8 से 9 माह से अधिक समय से लंबित हैं। बार-बार तारीख मिलने से पक्षकारों में नाराजगी बढ़ रही है। उनका कहना है कि यदि किसी कारणवश सुनवाई संभव नहीं है तो इसकी पूर्व सूचना दी जाए, ताकि अनावश्यक यात्रा और आर्थिक नुकसान से बचा जा सके।

पक्षकारों और अधिवक्ताओं ने जिला प्रशासन से मांग की है कि तहसील, एसडीएम एवं अपर कलेक्टर न्यायालयों में नियमित सुनवाई सुनिश्चित की जाए तथा लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए विशेष व्यवस्था बनाई जाए, जिससे आम नागरिकों को समयबद्ध न्याय मिल सके।

## मठ तालाब की पार पर निर्माण को लेकर बवाल, रहवासियों ने कलेक्टर से लगाई गुहार

**सिवनी। शहर के तिलक वार्ड स्थित मठ तालाब की पार पर चल रहे निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय रहवासियों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



लोगों ने जनसुनवाई में कलेक्टर को शिकायत सौंपकर निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। रहवासियों का आरोप है कि तालाब की पार पर खुदाई और रिटेनिंग वॉल निर्माण के कारण बरसात में पानी का बहाव प्रभावित हो रहा है। इससे आसपास के घरों तक पानी पहुंचने का खतरा बढ़ गया है। उनका कहना है कि पहले भी पार पर लगे कई पेड़ों की कटाई की गई, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचा है। स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बढ़ रहा है, जिससे विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों को रात के समय आवागमन में परेशानी होती है। रहवासियों ने प्रशासन और मठ मंदिर प्रबंधन की चुप्पी पर भी सवाल उठाए हैं।

लोगों ने मांग की है कि निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराई जाए, यदि अनियमितता पाई जाती है तो दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए तथा तालाब, पर्यावरण और आम नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए।

### प्रमुख मांगें

निर्माण कार्य पर तत्काल रोक।

स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच।

तालाब की पार और पर्यावरण की सुरक्षा। असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई।

## युवक को निर्वस्त्र कर पीटा, जख्मों पर नमक-मिर्च रगड़ी; वायरल वीडियो के बाद पुलिस का एक्शनः 11 आरोपितों को चिह्नित कर 8 को हिरासत में लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



एक युवक को खेत में ले जाकर निर्वस्त्र कर बेरहमी से पीटने और उसके जख्मों पर नमक-मिर्ची लगाने का अमानवीय वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने बुधवार को सख्त कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी ने बताया कि मामले में संज्ञान लेकर वारदात में शामिल 11 आरोपितों को चिह्नित कर 8 लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया गया है। पीड़ित युवक की पहचान कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र निवासी सोहेल खान के रूप में हुई है। उसकी शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपहरण, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने जैसी गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। वायरल वीडियो 8-9 जून के आसपास का बताया जा रहा है, जिसकी पुलिस तकनीकी जांच भी करा रही है।

**युवती ने सोहेल के खिलाफ की शिकायत**

इस मामले में पुलिस की कार्रवाई शुरू होते ही एक नया मोड़ भी सामने आया। बुधवार को एक युवती ने एसपी कार्यालय पहुंचकर पीड़ित युवक पर धर्मांतरण कर निकाह का दबाव बनाने और धमकी देने का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया है।

हालांकि पुलिस का कहना है कि इस अपहरण व मारपीट मामले में युवती का भाई व परिजन मुख्य आरोपी हैं, इसलिए यह शिकायत रंजिश या पुलिस कार्रवाई से बचने की नीयत से भी की जा सकती है। फिलहाल पुलिस ने धर्मांतरण की शिकायत पर कोई एफआइआर दर्ज नहीं की है और आवेदन को विस्तृत जांच के दायरे में रखा है। तथ्यों की पुष्टि होने के बाद ही इस दिशा में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**पुलिस ने की 11 आरोपितों की पहचान**

कोतवाली पुलिस ने युवक की निर्दयतापूर्वक पिटाई का वीडियो सामने आने के बाद वारदात में शामिल 11 आरोपितों की पहचान की गई। इस मामले में पुलिस ने बुधवार देर शाम तक आठ आरोपितों को हिरासत में ले लिया है। अन्य तीन आरोपितों की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया में खेत में निर्वस्त्र कर एक युवक की बेरहमी से पिटाई का वीडियो इंटरनेट मीडिया में तेजी से बायरल होने पर पुलिस ने मामले में संज्ञान लिया। इस वीडियो में एक युवक की पिटाई करते हुए कुछ लोग उसके जख्मों में नमक और लाल मिर्ची का लेप लगाने के बाद पानी से नहलाते दिख रहे हैं। बुधवार को नागपुर से वापस लौटकर पीड़ित युवक ने अपनी शिकायत दर्ज कराई जा रही है, जिस पर एफआइआर दर्ज कर विस्तृत जांच की जाएगी।

**आरोपियों पर बढ़ सकती हैं धाराएं**

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि वायरल वीडियो की तकनीकी जांच भी कराई जा रही है, जिससे घटना की वास्तविक परिस्थितियों और इसमें शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा सके। अगर, वीडियो बनाने, वायरल करने या पीड़ित की गरिमा को ठेस पहुंचाने के साक्ष्य मिलते हैं, तो संबंधित धाराएं भी बढ़ाई जाएगी।

## आरोग्य भारती जिला शाखा सिवनी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।




गत 12 जुलाई 2026 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आयाम आरोग्य भारती की जिला शाखा सिवनी (महाकौशल प्रांत) का गठन रविवार, 12 जुलाई 2026 को किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय संगठन मंत्री भोलानाथ जी का सान्निध्य एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 12 बजे आशीर्वाद पैलेस सिवनी में किया गया। कार्यक्रम में जिले के चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों की सहभागिता रही। इस दौरान आरोग्य भारती के उद्देश्य, संगठन के विस्तार तथा समाज में स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश शर्मा (अस्थि रोग विशेषज्ञ) रहे, क्षेत्रीय संगठन मंत्री भोलानाथ , प्रांत सचिव श्रीमती अनिता मिश्रा,एवं आरोग्य भारती के विभाग संयोजक डॉ. नीरज अरोरा रहे।

कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. गजेंद्र डहरवाल ( पंचकर्म चिकित्सक) ने किया। दीप प्रज्वलन के पश्चात आरोग्य भारती के संगठन मंत्री भोलानाथ का उद्बोधन प्राप्त हुआ, तत्पश्चात मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश शर्मा का उद्बोधन हुआ। उसके उपरांत जिला कार्यकारणी की घोषणा की गई । जिसमें आरोग्य भारती के जिला अध्यक्ष डॉ अविनाश तिवारी(केवलारी) डॉ नरेंद्र ठाकुर (सचिव) डॉ.अमित सोनगोटिया (कोषाध्यक्ष) डॉ राजेंद्र बिसेन डॉ.भूपेंद्र मिश्रा और डॉ.विनोद गुप्ता (उपाध्यक्ष) डॉ. संदीप जयसवाल (सहसचिव)और डॉ.मीना श्रीवास्तव महिला (अध्यक्ष) के नामों की घोषणा की गई। कार्यक्रम में सिवनी कटंगी बालाघाट बरघाट केवलारी और छिन्दा से लगभग 125 डॉक्टर शामिल हुए, कार्यक्रम में मातृशक्ति संगठन, पतंजलि योग परिवार और अन्य सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत मैं डॉक्टर अविनाश तिवारी ने सभी आमंत्रित सदस्यों का आभार व्यक्त किया और कार्यकारिणी के सदस्यों को बधाई दी,कार्यक्रम उपरांत भोजन की व्यवस्था भी रही।

## घंसौर पुलिस की त्वरित कार्रवाईः हत्या के आरोपी को 6 घंटे में किया गिरफ्तार

### आरोपी को न्यायालय में पेश कर भेजा गया जिला जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के निर्देशन,एसडीओपी घंसौर सुश्री नम्रता सोंधिया के मार्गदर्शन में घंसौर पुलिस ने हत्या के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।**

दिनांक 15.07.2026 की दरम्यानी रात प्रार्थीया श्रीमती सेवबती बाई उइके, पति बुध्दुलाल उइके, उम्र 50 वर्ष, निवासी ग्राम जम्होड़ी कला ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट के अनुसार शाम लगभग 6बजे ग्राम का अशोक मरावी उनके घर आया था। रात्रि करीब 8-9 बजे उनका पति बुध्दुलाल अशोक के साथ ग्राम कोहका टोला से वापस लौटा। प्रार्थीया ने देखा कि उनके पति की कमर से खून बह रहा था। पूछने पर मृतक बुध्दुलाल ने बताया कि ग्राम कोहका टोला के राजकुमार उर्फ पुच्ची मरावी से उसने कहा था कि हमारे खेत में मवेशी क्यों लाते हो। इसी बात पर राजकुमार गुस्से में आकर गाली-गलौच करने लगा और उसे जमीन पर पटक दिया। इसके बाद पास पड़ी टूटी शीशी का कांच उठाकर उसकी कमर में मार दिया। अत्यधिक दर्द के कारण बुध्दुलाल की घर आकर तड़पते हुए मृत्यु हो गई। रिपोर्ट पर थाना घंसौर में अपराध क्रमांक 189/2026 धारा 296(बी), 351(2), 103(1) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीओपी घंसौर सुश्री नम्रता सोंधिया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के 06 घंटे के अंदर आरोपी राजकुमार उर्फ पुच्ची पिता सिम्मू लाल मरावी, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम कोहका टोला, जम्होड़ी, थाना घंसौर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर जिला जेल दाखिल किया गया।

गिरफ्तार आरोपी- राजकुमार उर्फ पुच्ची पिता सिम्मू लाल मरावी, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम कोहका टोला, थाना घंसौर।

इस त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक एल.एस. झारिया, सउनि महेश सहारे, आर. गोपाल यादव, आर. एजाज खान, आर.चंदन नागवंशी, म.आर. श्रीमती अनुराधा का सराहनीय योगदान रहा।

## अंतरराज्यीय ट्रक चोर गिरोह का पर्दाफाश, चार आरोपी गिरफ्तार, हैदराबाद तक फैला था गिरोह का जाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा एवं एसडीओपी सिवनी चंचलेश मरकाम व श्री सचिन परते के मार्गदर्शन में डुण्डासिवनी पुलिस ने चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु बड़ी सफलता हासिल की है।**

दिनांक 27.06.2026 को प्रार्थी तरुण बोपचे, निवासी पिण्डरई, थाना बरघाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका ट्रक क्रमांक MH40AK3957 बम्होड़ी पेट्रोल पंप के सामने से चोरी हो गया है। रिपोर्ट पर थाना डुण्डासिवनी में अपराध क्रमांक 338/2026 धारा क्चहरू के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।

**पुलिस की त्वरित एवं तकनीकी विवेचनाः**

थाना प्रभारी निरीक्षक चैनसिंह उइके के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। घटना स्थल के आसपास के लगभग 20-25 स्थानों के CCTV



फुटेज खंगाले गए। फुटेज में 02 संदेहियों द्वारा ट्रक ले जाते देखा गया। तकनीकी साक्ष्य, मुखबिर तंत्र एवं साइबर सेल की मदद से ट्रक का पीछा करते हुए महाराष्ट्र बॉर्डर बोनकट्टा तक सुराग लगाया गया।पतासाजी के दौरान आठनेर, जिला बैतूल निवासी नंदकिशोर खाकरे एवं अलकेश उइके को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। सख्ती से पूछताछ पर दोनों ने ट्रक चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने ट्रक को हैदराबाद के मो. रहमान आसिफ को बेच दिया था। हैदराबाद पुलिस के समन्वय से मो. रहमान आसिफ एवं उसके साथी मो. ईस्माईल को भी गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने चोरी के बाद ट्रक को काटकर स्क्रैप में बेच दिया था। प्रकरण में धाराओं का इजाफा कर सभी 04 आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर जिला जेल दाखिल किया गया।

**गिरफ्तार आरोपी**

1. नंदकिशोर पिता सुखचंद खाकरे, उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम साटनेर, थाना आठनेर, जिला बैतूल 2. अलकेश पिता बारू उइके, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम हिवरा, थाना आठनेर, जिला बैतूल 3. मो. रहमान आसिफ पिता मो. यूसुफ उद्दीन, उम्र 48 वर्ष, निवासी जी.एम. कॉलोनी, थाना चन्द्रायनगुट्टा, जिला हैदराबाद (तेलंगाना) 4. मो. ईस्माईल पिता मो. साकिर, उम्र 30 वर्ष, निवासी किंग्स कॉलोनी, शिवरामपल्ली, थाना मैलारदेवपल्ली, हैदराबाद (तेलंगाना) गिरफ्तार आरोपी नंदकिशोर खाकरे एवं अलकेश उइके पूर्व में भी चोरी के मामलों में जेल जा चुके हैं। इनके विरुद्ध नागपुर, महाराष्ट्र के विभिन्न थानों में चोरी के अपराध पंजीबद्ध हैं।

## क्रेडिट कार्ड के नाम पर 71559 रुपए की ऑनलाइन ठगी, कोतवाली में मामला दर्ज

**सिवनी।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में एसबीआई क्रेडिट कार्ड के नाम पर एक व्यक्ति से 71 हजार 559 रुपए की ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि पुलिस लाइन निवासी विनय डहेरिया (36) ने शिकायत दर्ज कराई कि 30 मई को दोपहर करीब 12:40 बजे उनके व्हाट्सएप पर एसबीआई क्रेडिट कार्ड के नाम से एक लिंक मोबाइल नंबर 9973054135 से भेजी गई। लिंक पर क्लिक करने के तुरंत बाद उसी नंबर से कॉल आया। बातचीत के दौरान आरोपी ने उन्हें बातों में उलझाए रखा और इसी बीच उनके एसबीआई क्रेडिट कार्ड से पहले दो बार 2020-2020 रुपए एवं इसके बाद 57,519 रुपए और 10,000 रुपए की ट्रांजेक्शन हो गई। इस प्रकार कुल 71,559 रुपए की धोखाधड़ी हो गई। पीड़ित ने तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 और एसबीआई क्रेडिट कार्ड कस्टमर केयर पर शिकायत कर अपना क्रेडिट कार्ड ब्लॉक कराया। कस्टमर केयर द्वारा एक माह में राशि वापस आने का आश्वासन दिया गया, लेकिन निर्धारित अवधि के बाद भी रकम वापस नहीं मिली। इसके बाद पीड़ित ने दोबारा 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। जांच के बाद कोतवाली पुलिस ने प्रथम दृष्टया अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा 4 अक्टूबर को

### 15 से 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

आर्थिक रूप से कमजोर एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति योजना एनएमएमएसएस के तहत चयन परीक्षा का आयोजन रविवार 4 अक्टूबर 2026 को किया जाएगा। शासन के निर्देशानुसार भारत सरकार के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा आयोजित इस परीक्षा के लिए 15 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह योजना केवल मध्यप्रदेश के शासकीय, शासकीय अनुदान प्राप्त एवं स्थानीय निकायों द्वारा संचालित विद्यालयों में सत्र 2026-27 में कक्षा 8वीं में अध्ययनरत नियमित विद्यार्थियों के लिए है। चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रति माह 1,000 रुपये (प्रतिवर्ष 12,000 रुपये) की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

परीक्षा में आवेदन करने के लिए विद्यार्थी का कक्षा 7वीं में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त होना आवश्यक है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को 5 प्रतिशत अंकों की छूट दी जाएगी। साथ ही अभिभावकों की वार्षिक सकल आय 3.50 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

छात्रवृत्ति का लाभ निरंतर प्राप्त करने के लिए कक्षा 10वीं में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करना तथा कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रत्येक कक्षा पहली बार में उत्तीर्ण होना अनिवार्य रहेगा। पूरक परीक्षा से उत्तीर्ण विद्यार्थी इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगे। एक विद्यार्थी केवल एक ही छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त कर सकेगा।

इस परीक्षा के लिए आवेदन केवल पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। डाक अथवा ऑफलाइन आवेदन मान्य नहीं होंगे। आवेदन प्रक्रिया या अन्य जानकारी के लिए संबंधित विद्यालय के प्रधान पाठक, जनशिक्षक अथवा बीआरसीसी से संपर्क किया जा सकता है। जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी ने पात्र विद्यार्थियों से निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन कर इस महत्वपूर्ण छात्रवृत्ति योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

## राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस पर अभाविप का छात्रोत्सव सम्पन्न

## छात्र नेतृत्व, राष्ट्रनिर्माण एवं शिक्षा सुधार पर वक्ताओं ने रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 78वें स्थापना दिवस के अवसर पर अभाविप नगर इकाई सिवनी द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में भव्य छात्रोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशभक्ति एवं भारतीय संस्कृति पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की भूमिका, शिक्षा की गुणवत्ता, छात्र नेतृत्व एवं सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर विस्तार से विचार रखे गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व आईएएस एवं भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. श्याम सिंह कुमरे रहे। अध्यक्षता राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. इंद्र प्रसाद त्रिपाठी ने की। मुख्य वक्ता के रूप में अभाविप मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखडिय़ा उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष टीकाराम सनोडिया, नगर मंत्री सृजल सिंह ठाकुर, महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, अभाविप के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए नगर अध्यक्ष टीकाराम सनोडिया ने कहा कि वर्ष 1949 में स्थापित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आज विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। ज्ञान-शील-एकता के मूल मंत्र के साथ परिषद पिछले 78 वर्षों से छात्रहित, समाजहित एवं राष्ट्रहित के लिए कार्य करते हुए छात्रशक्ति को राष्ट्रशक्ति के रूप में संगठित करने का कार्य कर रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से परिषद के रचनात्मक एवं राष्ट्रहित के अभियानों से जुडऩे का आह्वान किया।

मुख्य अतिथि डॉ. श्याम सिंह कुमरे ने कहा कि विद्यार्थी जीवन केवल परीक्षा पास करने का समय नहीं, बल्कि चरित्र, नेतृत्व और व्यक्तित्व निर्माण की आधारशिला है। अनुशासन, सेवा, परिश्रम और राष्ट्रभाव से युक्त विद्यार्थी ही भविष्य में समाज और देश का नेतृत्व करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अध्ययन के साथ सामाजिक दायित्वों के प्रति भी सजग रहने का आह्वान किया।












## खबर संक्षेप

### दिगंबर जैन महिला मंडल की नवीन कार्यकारिणी गठित

**तेंदूखेड़ा।** सकल दिगंबर जैन समाज तेंदूखेड़ा की महिला मंडल के चुनाव संपन्न हुए। चुनाव संरक्षक मंडल की उपस्थिति में संपन्न हुए। इस अवसर पर संरक्षक मंडल में श्रीमती अंगूरी स्वदेशी डा किरण प्रभा जैन राजकुमारी स्वदेशी किरण मोदी शकुंतला जैन मीना जैन (तिगड्डा) एवं सविता मोदी उपस्थित रहीं।

### नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारी

चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से चयन किया गया जिसमें अध्यक्ष श्रीमती विद्या सेठ बरिया वाले सचिव आनंदधारा जैन कोषाध्यक्ष अर्चना स्वदेशी सह कोषाध्यक्ष अंजू मोदी उपाध्यक्ष सीमा अहिंसा मंजू (मयंक) एवं राज जैन सहसचिव श्रीमती आरती मोदी प्रीति सेठ एवं ममता केसली प्रचार प्रसार में मंजू जैन रजनी कठल व्यवस्था मंत्री अनीता जैन पाटन सांस्कृतिक मंत्री शालिनी मरेठी श्रद्धा जैन मुक्ता स्वदेशी मनीषा जैन प्रतिमा सिंघई इसके अतिरिक्त श्रीमती ममता स्वदेशी विनीता जैन रजनी जैन प्रीति मोदी कल्पना स्वदेशी सुकुमारी चौधरी राजश्री जैन अरुणा जैन विनीता पाटन सुनीता जैन सुनीता स्वदेशी प्रिया मोदी नीलांजना मोदी सुषमा चौधरी बबीता अर्चना स्वदेशी को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि महिला मंडल का वार्षिक शुल्क 251 रुपये निर्धारित किया गया।

### जंगली सुअर के शिकारी को सजा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राकेश सनोडिया के न्यायालय द्वारा जंगली सुअर का शिकार करने वाले आरोपी मुन्नालाल उर्फ शिवप्रसाद गौंड पिता गुलाब गौंड, उम्र 50 साल निवासी ग्राम केदारपुर, थाना किंदरई, तहसील घंसौर जिला सिवनी (म.प्र.) को धारा-9/51 वन्य प्राणी (संरक्षण) अधि. में 3 वर्ष का सश्रम कारावास, 500- रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

### युवाओं को कौशल संस्कार और एकता का मंत्र विश्व युवा कौशल दिवस पर आयोजन

तेंदूखेड़ा। विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर एक शिक्षण संस्थान में ब्रह्माकुमारीज के उठो जगत के वास्ते प्रोजेक्ट के अंतर्गत एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कौशल विकास के साथ-साथ नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों के महत्व से अवगत कराया गया। मुख्य वक्ता बीके बिनीता दीदी ने युवाओं को राष्ट्र की अमूल्य शक्ति बताते हुए कहा कि केवल तकनीकी कौशल पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा यदि युवा अपने जीवन में सकारात्मक सोच अनुशासन नशामुक्ति और आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाते हैं। तो वे न केवल अपना भविष्य उज्ज्वल बना सकते हैं। बल्कि एक श्रेष्ठ समाज और सशक्त राष्ट्र के निर्माण में भी बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें और श्रेष्ठ चरित्र का निर्माण करें।

### हर गांव में अस्पताल का ढिंढोरा, हकीकत अस्पताल में चिकित्सक, स्टाफ और दवाओं की कमी

# गोरेघाट में सर्पदंश से 8 वर्षीय बच्ची की मौत

**कटंगी। तिरोड़ी तहसील क्षेत्र के पठार अंचल के ग्राम गोरेघाट में सर्पदंश की एक दर्दनाक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया है। यहां 8 वर्षीय मासूम प्रियांशी पिता संजय खुरपे की सर्पदंश से मौत हो गई। मंगलवार-बुधवार की दरम्यिानी रात हुई इस घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। आरोप है कि गांव के सरकारी अस्पताल में एंटी-वेनम इंजेक्शन और डॉक्टर ना होने के कारण मासूम की जान चली गई।**

मिली जानकारी अनुसार प्रियांशी रात में अपने माता-पिता के साथ पलंग पर सो रही थी। रात करीब ढाई से 3 बजे के बीच उसकी अचानक से तबीयत खराब हो गई और उसे उल्टी होने लगी। इस दौरान पिता संजय खुरपे जब पानी लेने किचन में गए तो वहां उन्हें एक सांप दिखाई दिया। परिजनों ने डर की वजह सांप को तुरंत मार दिया। लेकिन उस समय किसी को भी इस बात का अंदाजा नहीं था कि सांप ने सोते समय प्रियांशी को काट लिया है। इधर, बच्ची की स्थिति बिगड़ती देख परिजन उसे बिना देर किए गांव के ही एक निजी चिकित्सक के पास लेकर गए। चिकित्सक ने बच्ची की हालत नाजुक बताकर उसे तुरंत बड़े अस्पताल लेकर जाने की सलाह दी। परिजन प्रियांशी को लेकर तुमसर के सरकारी अस्पताल की ओर जा रहे थे। लेकिन रास्ते में ही मासूम ने दम तोड़ दिया। जिसके बाद प्रियांशी को परिजन वापस घर लेकर आ गए। बाद में जब बच्ची के शरीर का रंग हरा-नीला पड़ने लगा तब परिजनों को संदेह हुआ कि उसे सांप ने काटा होगा। ऐसा माना जा रहा है कि नींद में होने के कारण न तो प्रियांशी को पता चला और न ही घर वालों को। बुधवार को महकेपार चौकी से प्रधान आरक्षक शिशुपाल बघेल ने घटनास्थल पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई पूरी की और शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया।



### अस्पताल है, पर सुविधा नहीं- पठार की सच्चाई

इस घटना के बाद पठार क्षेत्र के ग्रामीणों में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर आक्रोश फूट पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई सालों से हर मानसून में सर्पदंश से मौतें हो रही हैं, लेकिन शासन-प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है। गोरेघाट सहित कई गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उपस्वास्थ्य केंद्र बने हुए हैं। इसके अलावा आयुष्मान केंद्र बने हुए है। सरकार इनका बड़ा प्रचार करती है। लेकिन वहां जाकर देखने पर पता चलता है कि वहां न डॉक्टर है, नर्स, न दवा और न ही सर्पदंश का एंटी-वेनम। अगर कहीं इंजेक्शन मिल भी गया तो उसे लगाने वाला प्रशिक्षित स्टाफ नहीं है। मजबूरी में मरीजों को 50 किमी दूर तुमसर या कटंगी दौड़ना पड़ता है। तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। ग्रामीणों का सीधा सवाल है कि बारिश शुरू होने से पहले हर पीएचसी और उपस्वास्थ्य केंद्र में एंटी-वेनम का स्टॉक और प्रशिक्षित स्टाफ अनिवार्य क्यों नहीं किया जाता? जबकि दावें तो किए जाते है कि कहीं कोई कमी नहीं है। दूसरी तरफ हर साल सर्पदंश से मौतें हो रही हैं तो दावे और सरकार की तैयारी कहां है?

### सांसद-विधायक स्वास्थ्य सुविधाओं पर चुप-

पठार क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में पीएचसी तो हैं लेकिन डॉक्टरों के पद खाली हैं। एक डॉक्टर के भरोसे 20 से 30 गांव चल रहे हैं। सर्पदंश, कुत्ते के काटने जैसी इमरजेंसी दवाएं केंद्रों में उपलब्ध नहीं हैं। ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार और झाड़-फूंक के चक्कर में समय बर्बाद करने से रोकने के लिए जमीनी स्तर पर कोई अभियान नहीं चलाया गया। जिसकी जानकारी जिले की सांसद और क्षेत्र के विधायक को भी है। अस्पताल की हालत से इन जनप्रतिनिधियों को एक नहीं बल्कि कई बार अवगत भी करवाया जा चुका है। बावजूद इसके व्यवस्था नहीं सुधर रही है। गोरेघाट के ग्रामीणों का कहना है कि अगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोरेघाट में डॉक्टर, स्वास्थ्य कर्मचारी और एंटी-वेनम होता तो शायद प्रियांशी आज जिंदा होती। केंद्र में 10 वर्ष और प्रदेश में लगातार 20 वर्षों से भाजपा पार्टी की ही सरकार है लेकिन एक ही पार्टी की यह सरकार ग्रामीणों की बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के जो दावे करती है उस पर खरा नहीं उतर पाई है। सांसद-विधायक स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर चुप्पी साधे हुए है।

## पीएमश्री कन्या उ मा वि बूढ़ी बालाघाट में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार 15 जुलाई बुधवार को प्रार्थना सभा में गुरुपूर्णिमा पखवाड़ा का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवम् गुरु वंदना से किया गया।वंदना- सदगुरु बिना किसी को सद्ज्ञान कब मिला है,से संगीतमय वातावरण बनाया गया।तत्पश्चात प्राचार्य एस. के. तूरकर के उद्बबोधन में छात्रों को माता पिता प्रथम गुरु एवम् उनकी अवहेलना ना करने के नीतिसंगत बातों से अवगत कराया गया।इस अवसर पर संस्था के सभी 39 शिक्षक शिक्षिकाए, कर्मचारीगण एवं कुल 819 छात्र छात्राये उपस्थित रहे।राष्ट्रगीत के साथ आज के कार्यक्रम का समापन हुआ। इसी क्रम में 16 जुलाई को संदीपनी विद्यालय बालाघाट का शैक्षणिक भ्रमण किया गया, छात्रों ने संगीत कक्ष, आर्ट एंड क्राफ्ट कक्ष, गणित, विज्ञान, भौतिकी, रसायन प्रयोगशाला का भ्रमण कराया गया। इसमें कक्षा ग्यारहवीं के 79 विद्यार्थियों ने भाग लिया, शाला से वरिष्ठ शिक्षकों विनय मिश्रा, हरीश धूवारे, गायत्री पटले , अलका धुर्वे, माया बिसेन, शारदा वराडे के मार्गदर्शन में छात्रों ने भ्रमण किया ।

## प्रियदर्शिनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस, बालाघाट में विधिक साक्षरता शिविर सम्पन्न



**बालाघाट।** प्रियदर्शिनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस, बालाघाट में आज विधिक साक्षरता शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री सतीशचंद्र शर्मा उपस्थित रहे।उन्होंने विद्यार्थियों को संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों एवं कर्तव्यों, निःशुल्क विधिक सहायता, महिला एवं बाल संरक्षण संबंधी कानूनों, साइबर अपराधों से बचाव तथा दैनिक जीवन में कानून के महत्व के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों को कानून के प्रति जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में संस्था के चेयरमैन श्री विक्रांत वर्मा एवं ब्रांच हेड पायल वडाईकर विशेष रूप से उपस्थित रहीं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न विधिक विषयों पर अपने प्रश्न पूछे, जिनका माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा सरल एवं प्रभावी ढंग से समाधान किया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्था प्रबंधन द्वारा माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री सतीशचंद्र शर्मा का आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया गया।

## जबलपुर जाने के लिए नहीं है सीधी बस सेवा

### डोभी सहित 25 से अधिक गांवों को मिलेगी सुविधा

**डोभी।** विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाला तेंदूखेड़ा से बरमान जाने वाले सड़क के बीच प्रतिष्ठित ग्राम डोभी से सीधी जबलपुर के लिए बस सेवा ना होने की स्थिति में यहां के लोगों को पहले या तो तेंदूखेड़ा आना पड़ता है या फिर बरमान करेली तरफ से बस पकड़ कर जबलपुर जाना पड़ता है। यहां के लोगों ने पुनः बस सेवा शुरू करने की मांग की है।इस क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि डोभी से करीब 25 से अधिक गांव जुड़े हुए हैं और बड़ी संख्या में लोगों को इलाज हाईकोर्ट एवं व्यापारिक गतिविधियों अन्य आवश्यक कामों के लिए प्रतिदिन जबलपुर जाना पड़ता है। पूर्व में यहां से सीधी बस सेवा चला करती थी लेकिन लंबे समय से बंद होने के कारण लोगों को निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है। आर्थिक बोझ के साथ हैरानी परेशानी हुआ करती है। रात्रि में डोभी तरफ आने के लिए तेंदूखेड़ा बरमान तरफ से भी कोई बस सेवा उपलब्ध नहीं है जिससे लोगों को और ज्यादा परेशानी हुआ करती है।यदि कोई व्यक्ति जबलपुर सागर तरफ जाता है और यदि शाम छ बजे के बाद वापस लौटता है तो उसे अलग से बाहन व्यवस्था करनी पड़ती है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले डोभी से जबलपुर के लिए नियमित बस संचालित होती थी जिससे आम नागरिकों मरीजों विद्यार्थियों और व्यापारियों को काफी सुविधा मिलती थी। लेकिन बस सेवा बंद होने के बाद सबसे अधिक परेशानी गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को उठानी पड़ रही है। निजी वाहन या किराए की गाड़ी से जबलपुर जाने में हजारों रुपये खर्च हो जाते हैं, जो हर परिवार के लिए संभव नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि डोभी से भोपाल के लिए वर्तमान में चार बसों का संचालन हो रहा है। जबकि भोपाल की दूरी जबलपुर की तुलना में काफी अधिक है। गंभीर मरीजों को इलाज के लिए अधिकतर जबलपुर के मेडिकल कॉलेज और बड़े अस्पतालों में ले जाना पड़ता है। जबलपुर जाने पर मरीज का इलाज एक ही दिन में कराकर वापस लौटना संभव हो जाता है, जबकि भोपाल जाने पर दूरी अधिक होने से दो दिन या उससे अधिक समय लग जाता है। इससे मरीज और परिजनों को अतिरिक्त आर्थिक एवं मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि बस सेवा शुरू होने से डोभी सहित आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। विद्यार्थियों व्यापारियों और मरीजों की आवाजाही आसान होगी तथा निजी वाहनों पर निर्भरता कम होगी। ग्रामीणों ने प्रदेश के परिवहन मंत्री से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए डोभी जबलपुर बस सेवा को शीघ्र पुनः प्रारंभ कराया जाए। उनका कहना है कि यह केवल परिवहन की सुविधा नहीं बल्कि क्षेत्र के लोगों की स्वास्थ्य शिक्षा और आजीविका से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि सरकार उनकी वर्षों पुरानी मांग पर सकारात्मक निर्णय लेकर क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत प्रदान करेगी।

## कट्टीपार की सड़क ने पहली बारिश ने खोली भ्रष्टाचार की परतें, पहली ही बारिश में बह गया करोड़ों का विकास



### पीएमजीएसवाय पर सवाल- घटिया निर्माण, विभागीय अधिकारियों की चुप्पी और ठेकेदार पर मेहरबानी से ग्रामीणों में भारी आक्रोश

**लाँजी।** लांजी क्षेत्र के अंतिम छोर पर बसे ग्राम कट्टीपार के ग्रामीण वर्षो तक सड़क और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करते रहे। लंबे इंतजार के बाद प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क तो बनी, लेकिन निर्माण के कुछ ही महीनों बाद पहली बारिश ने उसकी वास्तविक गुणवत्ता की पोल खोल दी। सड़क कई स्थानों पर उखड़कर बह गई और करोड़ों रुपये की लागत से किया गया निर्माण भ्रष्टाचार का जीता-जागता उदाहरण बनकर सामने आ गया। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों की खुलेआम अनदेखी की गई और घटिया सामग्री का उपयोग कर सरकारी धन की बंदरबांट की गई। आज हालात यह हैं कि जिस सड़क से विकास की उम्मीद थी, वही ग्रामीणों के लिए खतरे और परेशानी का कारण बन चुकी है।

### अधिकारियों की 'दिखावटी जांच', ठेकेदार पर कार्रवाई के बजाय संरक्षण का आरोप

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर कई बार संबंधित विभाग में शिकायतें की गईं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी केवल औपचारिक निरीक्षण कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं। आरोप है कि विभागीय अधिकारी और ठेकेदार की मिलीभगत के चलते हर शिकायत को दबा दिया जाता है और किसी भी स्तर पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सड़क निर्माण की किसी स्वतंत्र एजेंसी या उच्चस्तरीय तकनीकी टीम से जांच कराई जाए तो करोड़ों रुपये के निर्माण कार्य में हुए भ्रष्टाचार की पूरी परतें खुल जाएंगी। प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी ग्रामीण सड़क योजना का उद्देश्य गांवों को बेहतर संपर्क देना था, लेकिन कट्टीपार में यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है।

### डामर की जगह चिल्ली डालकर खानापूर्ति, ग्रामीण बोले-यह मरम्मत नहीं मजाक है

सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बनने के बाद भी गुणवत्तापूर्ण मरम्मत नहीं की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि तकनीकी नियमों को ताक पर रखकर डामर से मरम्मत करने के बजाय बारिश के मौसम में लिक्विड और बारीक गिट्टी (चिल्ली) डालकर केवल चुनिंदा स्थानों पर पैचवर्क किया गया। पूरी सड़क की मरम्मत करने के बजाय महज खानापूर्ति कर भुगतान लेने की कोशिश की गई। ग्रामीणों का कहना है कि डामर सड़क पर इस प्रकार की मरम्मत कुछ दिनों से अधिक टिक नहीं सकती और यह सरकारी धन की खुली बर्बादी है। कट्टीपार के ग्रामीणों ने शासन और प्रशासन से मांग की है कि सड़क निर्माण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, दोषी ठेकेदार, संबंधित इंजीनियरों और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए तथा सड़क का पुर्ननिर्माण निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कराया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस मामले में भी कार्रवाई नहीं हुई तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि भ्रष्टाचार की इस सड़क को विभागीय संरक्षण प्राप्त है और आम जनता की गाढ़ी कमाई यूं ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती रहेगी।

## जनसुनवाई में सुनी समस्याएं



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस विधानसभा क्षेत्र के पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल द्वारा प्रत्येक गुरुवार को विधायक निवास पर आयोजित की जाने वाली जनसुनवाई में इस सप्ताह 427 आवेदन प्राप्त हुए। अपने-अपने प्रकरण लेकर पहुंचे आमजन की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए श्री पटेल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिए और कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया जनता और जनप्रतिनिधि के बीच संवाद का यह सशक्त मंच ग्रामीण अंचलों के लोगों के लिए बड़ी उम्मीद बन चुका है। लोग अपनी समस्याओं को लेकर बिना किसी हिचक के पहुंचते हैं और उनके त्वरित निराकरण से संतुष्ट होकर वापस लौटते हैं। यही विश्वास और भरोसा जालम सिंह पटेल को जनता की पहली पसंद बनाता है राजनीति में प्रवेश से पहले सामाजिक सेवा को प्राथमिकता देने वाले जालम सिंह पटेल आज भी स्वयं को नेता नहीं, बल्कि जनता का बेटा मानते हुए हर वर्ग के हितों की लड़ाई में आगे रहते हैं। जनसुनवाई के माध्यम से लगातार हो रहे समाधान ने क्षेत्रवासियों में यह संदेश स्पष्ट कर दिया है कि उनकी समस्याओं के समाधान हेतु उनका जनसेवक सदैव तत्पर खड़ा है उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि जनसुनवाई में 427 आवेदनों की प्राप्ति हुई इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी गणमान्य नागरिक सहित अनेक समाजसेवी जन मौजूद रहे।

## सीएससी संचालकों की बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के 17वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिले में विशेष आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वीएलई, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों और नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। आयोजन का मुख्य उद्देश्य आमजन को सीएससी के माध्यम से मिल रही डिजिटल एवं जनकल्याणकारी सेवाओं के प्रति जागरूक करना और डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के दौरान सीएससी द्वारा प्रदान की जा रही प्रमुख सेवाओं का विस्तृत विवरण दिया गया। इनमें आयुष्मान भारत कार्ड, पैन कार्ड, आधार संबंधित सेवाएं, बैंकिंग एवं डिजिटल भुगतान (डिजीपे), प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, ई-श्रम पंजीकरण, टेली-लॉ, ई-कोर्ट सेवाएं, रेल टिकट आरक्षण, उपयोगिता बिल भुगतान, बीमा, पेंशन, पासपोर्ट आवेदन, डिजिटल शिक्षा, कृषि सेवाएं, ऋण सुविधा और कौशल विकास जैसी अनेक सरकारी व निजी सेवाएं शामिल हैं। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले 17 वर्षों में सीएससी ने ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक शासन की सेवाओं को सरल, पारदर्शी और सुलभ बनाने में निर्णायक भूमिका निभाई है। आज यह डिजिटल इंडिया अभियान का आधार बनकर नागरिकों को उनके गाँव के निकट ही सेवाएं उपलब्ध करा रहा है, जिससे समय और धन की बचत के साथ-साथ युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर भी सृजित हुए हैं। कार्यक्रम के समापन पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले वीएलई को सम्मानित किया गया।

## पीड़ित मानवता की सेवा परम धर्म है: श्रीधर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. सुन्दर नारायण मुशरान की स्मृति एवं पूर्व वित्त मंत्री स्व. कर्नल अजय नारायण मुशरान के मार्गदर्शन में स्थापित उच्च शिक्षण संस्थान एम आई एम टी कॉलेज नरसिंहपुर के 28 वें स्थापना दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर संस्थापक माधवराव सप्रे संग्रहालय भोपाल के मुख्य आतिथ्य, कैलाश सोनी पूर्व सांसद राज्यसभा की अध्यक्षता, पं. मैथिली शरण तिवारी वरिष्ठ समाजसेवी के विशिष्ट आतिथ्य एवं चेयरमैन इंजी. रुद्रेश तिवारी तथा डॉ अशोक कुमार गर्ग, प्राचार्य की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का आरंभ प्रातः 11 बजे मुशरान पार्क स्थित श्याम सुन्दर नारायण मुशरान की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि से किया गया। मुख्य अतिथि श्रीधर ने शिक्षा के क्षेत्र में जिले की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पीड़ति मानवता की सेवा परम धर्म है, उन्होने महाविद्यालय द्वारा जिले की शिक्षण परंपरा को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु शुभकामनाऐं दी। कार्यक्रम अध्यक्ष श्री सोनी ने कहा कि षिक्षा संस्कार को गढ़ने का कार्य करती है महाविद्यालय ने इस परम्परा को अनवरत जारी रखा है तथा स्थापना दिवस पर अपनी शुभकामनऐं प्रेषित की। विषिष्ट अतिथि पं. तिवारी ने संस्था के शुभारंभ एवं प्रगति पर जानकारी देते हुए जीवन में शिक्षा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। महाविद्यालय के चेयरमैन इंजी. रुद्रेश तिवारी द्वारा स्वागत भाषण देते हुए विस्तार से कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इसके पूर्व अतिथियों द्वारा एम.आई. एम.टी. लॉ कॉलेज में विधिक सहायता केन्द्र एवं नवीनीकृत मूट कोर्ट हॉल का शुभारंभ किया गया। एन.सी.सी. एवं रासेयो इकाईयों द्वारा रक्तदान एवं रक्त परीक्षण कराया गया। कार्यक्रम के दौरान पद्मश्री विजय दत्त श्रीधर एवं डॉ. गजानन मिश्रा को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर द्वारा डी.लिट की उपाधि प्रदान करने पर संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। इसके साथ ही महाविद्यालय द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित महाविद्यालय के गौरव शीतल सिलावट, आरती पटेल, पूना बाई सेन एवं आशीष ठाकुर को स्मृतिचिन्ह से पुरस्कृत किया गया। महाविद्यालय द्वारा जिले के विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। इसी क्रम में स्व. कर्नल अजय नारायण मुशरान की स्मृति में अमर शहीद आशीष शर्मा के परिजनों को, कृषि रत्न श्याम सुन्दर नारायण मुशरान की स्मृति में उन्नतशील कृषक राकेश दुबे करताज, साहित्यकार स्व. टी. आर. नेमा की स्मृति में सुशील शर्मा गाडरवारा, अभियांत्रिकी के क्षेत्र में स्व. इंजी. कौशलेन्द्र कुमार धौरेलिया की स्मृति में इंजी. आर.एस. शुक्ला, चिकित्सा के क्षेत्र में स्व. डॉ. एम.डी. बेलापुरकर की स्मृति में डॉ. आर.के. नीखरा, विधि के क्षेत्र में स्व. एड. चै. राजेन्द्र सिंह की स्मृति में एड. भानू श्रीवास्तव, शिक्षा के क्षेत्र में स्व. शेख न्याज मोहम्मद साहब की स्मृति में डॉ. आर.एस. शर्मा, पत्रकारिता के क्षेत्र में स्व. विष्णु ठाकुर की स्मृति में प्रकाश चैबे, खेल के क्षेत्र में स्व. यू.डी. शर्मा की स्मृति में गिरीश शर्मा, समाजसेवा के क्षेत्र में स्व. जगदीश भाई मानसाता की स्मृति में राकेश जैन, व्यवसाय के क्षेत्र में स्व. प्रमोद नेमा की स्मृति में सचिन दुबे को स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग एवं संचालन श्रीमती आराधना दुबे द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रो. सी.एस. तिवारी, डॉ. अनन्त दुबे, सुरेन्द्र पटेल (मंझले भैया) गाडरवारा, थम्मन शर्मा, श्रीमती प्रीति मिश्रा, इंजी. सुनील कोठारी, मधु पालीवाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन तथा महाविद्यालय स्टॉफ मेम्बर्स एवं छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहें।

